*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## डॉ. एच. ए. हुनगुंद को
## हिंदी सेवी प्रचारक सम्मान प्रदान

वर्धा, दि. 05 अप्रैल, 2018 : मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं केंद्रीय हिंदी निदेशालय नई दिल्ली के सहयोग से अभ्युदय बहुद्देशीय संस्था द्वारा वर्ष 2017-18 का हिंदी सेवी प्रचारक सम्मान महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के भाषा विद्यापीठ के




सहायक प्रोफेसर डॉ. एच. ए. हुनगुंद को प्रदान किया गया। हिंदी का प्रचार-प्रसार व सामाजिक कार्यक्षेत्र में नि:स्वार्थ भाव से निष्ठापूर्वक कार्य करनेवाले महानुभावों को प्रतिवर्ष इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष हिंदी सेवी प्रचारक सम्मान समारोह महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा प्रचार सभा, राष्ट्रभाषा संकुल नागपुर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक, समाजसेवी गिरीष गांधी, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, रामदेवबाबा अभियांत्रिकी महाविद्यालय नागपुर के विभागाध्यक्ष प्रा. विनय बारहाते, अभ्युदय बहुद्देशीय संस्था के अध्यक्ष वैद्यनाथ अय्यर, अभ्युदय बहुद्देशीय संस्था के सचिव नरेंद्र दंडारे प्रमुखता से उपस्थित थे। समारोह में विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करनेवाले व्यक्तियों को इस सम्मान से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार समारोह में शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक, वैद्यकीय क्षेत्र से जुडे मान्यवरों समेत नागरिक उपस्थित थे।

## डॉ. एच. ए. हुनगुंद यांना
## हिंदी सेवी प्रचारक सन्मान प्रदान

वर्धा, दि. 05 एप्रिल, 2018 : मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार व केंद्रीय हिंदी निदेशालय नवी दिल्ली यांच्या सहयोगातून अभ्युदय बहुद्देशीय संस्था द्वारा वर्ष 2017-18 चा हिंदी सेवी प्रचारक सम्मान महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील भाषा विद्यापीठाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. एच. ए. हुनगुंद यांना प्रदान करण्यात आला आहे. हिंदीचा प्रचार-प्रसार व सामाजिक कार्यात नि:स्वार्थपणे कार्य करणारांना दरवर्षी हा पुरस्कार देण्यात येतो. या वर्षाचा हिंदी सेवी प्रचारक सम्मान समारोह महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा प्रचार सभा, राष्ट्रभाषा संकुल नागपूर येथे पार पडला. यावेळी वरिष्ठ समाजसेवक गिरीष गांधी, महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचे कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र, रामदेवबाबा अभियांत्रिकी महाविद्यालय नागपूरचे विभागाध्यक्ष प्रा. विनय बारहाते, अभ्युदय बहुद्देशीय संस्थेचे अध्यक्ष वैद्यनाथ अय्यर, अभ्युदय बहुद्देशीय संस्थचे सचिव नरेंद्र दंडारे प्रामुख्याने उपस्थित होते. यावेळी विविध क्षेत्रात उल्लेखनीय कार्य करणा-या मान्यवरांना पुरस्कृत करण्यात आले. कार्यक्रमाला शैक्षणिक, सामाजिक, राजकीय तसेच वैद्यकीय क्षेत्रातील नागरिक उपस्थित होते.